**प्रेस-विज्ञप्ति**

**27 अक्तूबर 2025**

## पीएफसी ने 'सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी' थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन किया

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सीपीएसई, **27 अक्तूबर से 2 नवंबर 2025** तक *सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025* का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर पीएफसी अपनी कार्यप्रणाली के सभी क्षेत्रों में **सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही** के सिद्धांतों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है।

सप्ताहभर चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत **सुश्री सिम्मी आर. नाकरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)** द्वारा **सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा** दिलाए जाने के साथ हुई। इस अवसर पर **श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक)** तथा **श्री संदीप कुमार, निदेशक (वित्त)** भी उपस्थित थे। पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने प्रतिज्ञा समारोह में भाग लिया और नैतिक आचरण एवं सुशासन की भावना को सामूहिक रूप से सुदृढ़ किया।




अभियान के तहत, कार्मिकों में जागरूकता प्रवाहित करने और सतर्कता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें **सतर्कता से संबंधित कार्यशालाएं, नारा लेखन, क्विज, कविता और चित्राभिव्यक्ति प्रतियोगिताएं** शामिल हैं।

पीएफसी ***"सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी"*** थीम के अनुरूप एक पारदर्शी और जिम्मेदार कार्य वातावरण को पोषित करने के अपने मिशन में दृढ़तापूर्वक अग्रसर है।

**ह/-**
**(एस.एस. राव)**
**मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)**